आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज टैक्नीकल कैम्पस,आगरा

प्रकाशनार्थ

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता ''क्षितिज19'' में आनन्द के छात्रों ने फहराया परचम

आगरा। शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस के छात्रों ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर में आयोजित 3 दिवसीय राष्ट्रीय स्पोर्टस् टूर्नामेंट ''क्षितिज 2019'' में 2 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किये।

कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने अपने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुये बताया कि विभिन्न राज्यों से विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों की टींमें इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने आयीं थीं। इस तीन दिवसीय स्पोर्टस् टूर्नामेंट में विभिन्न स्पोर्टस् प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, वास्केटबाल, टेबल–टेनिस, चैस, बैडमिंटन, एवं ऐथलेटिकस् आदि प्रमुख थे। उत्तर प्रदेश से भी विभिन्न इंजीनियरिंग कालेजों की टीमों ने इस खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें आनन्द कालेज के बायोटेक विभाग के छात्र कौशल जैसवाल ने 800 मीटर और 1500 मीटर रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज के ही कम्प्यूटर साइंस विभाग के छात्र शाश्वत, सिविल इंजीनियरिंग के छात्र सिद्धार्थ, बी0फार्मा के छात्र ऋतुराज एवं प्रभु सक्सेना ने 4x100 मीटर रिले रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। आनन्द कालेज की बास्केटबॉल टीम ने में 61–21 से फाइनल मैच में जीत हासिल की। उन्होने यह भी कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद छात्रों के सर्वागींण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इससे छात्र–छात्राओं के नेतृत्व विकास, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास के साथ–साथ सामाजिक व सांस्कृतिक विकास होता है।

प्रतियोगिता में विजेता छात्र एवं प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में डा0 रामपाल सिंह, प्रो0 अतुल नारंग, डा0 आर0पी0 सिन्हा, डा0 विनय सिंह, डा0 अमिताभ पदमनाभन, डा0 आर0के0 जैन एवं डा0 रविकांत पाठक आदि उपस्थित रहे।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य कार्यकारी उपाध्यक्ष डा0 वी0के0 शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।